# कानपुर नगर निगम

मा० कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक जो दिनांक 16.01.13 को सम्पन्न हुई, का कार्यवृत्त

स्थानः नगर निगम,कानपुर स्थित समिति कक्ष

कार्यालय सचिव नगर निगम,
नगर निगम, कानपुर

पत्र संख्याः डी / 302 /सचिव (न.नि.) / 12–13 — दिनांक : 24.01.13

सेवामें

मा0 श्री / श्रीमती / सुश्री.................................................,

पार्षद वार्ड सं0........./सदस्य कार्यकारिणी

महोदय / महोदया,

नगर निगम कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक, जो दिनांक 16.01.13 दिन बुद्धवार पूर्वान्ह 11.00 बजे सम्पन्न हुई का कार्यवृत्त आपकी सेवा में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नकः कार्यवृत्त पृष्ठ संख्या 01 से 05 तक।

(राम बली पाल)
सचिव
नगर निगम,कानपुर

प्रतिलिपिः

1. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में संज्ञानार्थ।
2. अपर नगर आयुक्त प्रथम / द्वितीय को सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / विभागाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
नगर निगम,कानपुर

**दिनांक– 16.01.2013 दिन बुद्धवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री जगतवीर सिंह द्रोण | महापौर / सभापति |
| 2. | श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' | पार्षद / सदस्य |
| 3. | श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू' | पार्षद / सदस्य |
| 4. | श्री जितेन्द्र कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 5. | श्री धर्मनाथ मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 6. | मो0 वसी | पार्षद / सदस्य |
| 7. | श्री इरफान खॉन | पार्षद / सदस्य |
| 8. | श्री राकेश साहू | पार्षद / सदस्य |
| 9. | श्रीमती विजय लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य |
| 10. | श्री संदीप जायसवाल | पार्षद / सदस्य |
| 11. | मो0 सलीम बेग | पार्षद / सदस्य |
| 12. | श्रीमती उत्तम दुबे | पार्षद / सदस्य |

**अधिकारीगण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री एन0 के0 सिंह चौहान | नगर आयुक्त |
| 2. | श्री उमाकान्त त्रिपाठी | अपर नगर आयुक्त |
| 3. | श्री उदय नारायण तिवारी | अपर नगर आयुक्त |
| 4. | श्री डी0 के0 गुप्ता | मु0वि0 एवं ले0अ0 |
| 5. | डॉ0 एल0 के0 तिवारी | मुख्य नगर स्वा0 अधिकारी |
| 6. | डॉ0 यू0 पी0 अग्रवाल | नगर स्वा0 अधिकारी चि0 |
| 7. | श्री लालता प्रसाद | कार्य0 मुख्य अभियंता "सिविल" |
| 8. | श्री राकेश मोहन अस्थाना | मुख्य अभियंता "वि0 / यॉ0" |
| 9. | श्री जवाहर राम | महाप्रबन्धक,जलकल |

सभापति द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई, जो कोरम के अभाव में पूर्वान्ह 11:30 बजे तक के लिये स्थगित की गई।

............

पूर्वान्ह 11:30 बजे बैठक की कार्यवाही पुनः प्रारम्भ हुई।

नगर आयुक्त ने नव वर्ष 2013 के शुभ आगमन एवं मकरसंक्रांति पर्व पर हृदय से मा0 सभापति एवं सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही कार्यसूची में दिये हुये बिन्दु के अनुसार पुनरीक्षित बजट पर विचार–विमर्श करते हुये अपने सुझाव देने हेतु अनुरोध किया तथा अपर नगर आयुक्त को पुनरीक्षित बजट की प्रतियॉ वितरित करने के निर्देश दिये।

नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा–147 के अन्तर्गत मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा निम्नवत् बजट के पुनरीक्षित तखमीने प्रस्तुत किये गये :–

**ह0......महापौर**

प्रस्ताव संख्या–41

# नगर निगम कानपुर
## पुनरीक्षित बजट
## 2012–13
## आय

(रू0 लाख में)

| क्र0सं0 | मद शीर्षक<br>आयगत प्राप्तियॉ | मूल बजट 2012–13 | पुनरीक्षित बजट 2012–13 |
|---|---|---|---|
| 01 | करों से आय | 8,826.35 | 8,826.35 |
| 02 | नगर निगम की सम्पत्तियों के किराये व अन्य शुल्क से आय | 3,231.66 | 3,344.91 |
| 03 | अनुदान एवं अंशदान | 21,055.00 | 23,155.00 |
| 04 | ब्याज सम्बन्धी प्राप्तियॉ | 451.00 | 451.00 |
| 05 | विविध प्राप्तियॉ | 58.40 | 69.20 |
| | **योग आयगत प्राप्तियॉ** | **33,622.41** | **35,846.46** |
| | **पूॅजीगत प्राप्तियॉ** | | |
| 06 | पूॅजी लेखागत प्राप्तियॉ | 6,391.05 | 7,990.05 |
| 07 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 प्राप्तियॉ<br>(केन्द्रीय, राजकीय अंशदान एवं बैंक ब्याज) | 25,343.79 | 25,368.79 |
| 08 | शासन द्वारा प्राप्त ऋण | 12,312.97 | 12,312.97 |
| 09 | अग्रिम व अन्य अस्थाई देयतायें | 4.00 | 4.00 |
| | **योग पूॅजीगत प्राप्तियॉ** | **44,051.81** | **45,675.81** |
| | **जे0एन0एन0यू0आर0एम0<br>रिजर्व फण्ड** | | |
| 10 | निर्माणाधीन कार्य के सापेक्ष संचय | 64,262.69 | 64,262.69 |

ह0.......महापौर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | निकाय अंश | 12,413.23 | 12,413.23 |
| | **योग रिजर्व फण्ड** | **76,675.92** | **76,675.92** |
| | **योग कुल आयगत + पूँजीगत + रिजर्व** | **154,350.14** | **158,198.19** |
| | **प्रारम्भिक शेष** | **16,542.95** | **16,542.95** |
| | **महायोग** | **170,893.09** | **174,741.14** |

## व्यय

(रू0 लाख में)

| क्र0सं0 | मद शीर्षक | मूल बजट 2012–13 | पुनरीक्षित बजट 2012–13 |
|---|---|---|---|
| | वेतन, भत्ते, नकदीकरण, पेंशन, प्रतिपूर्ति आदि | | |
| | अधिकारीगण / कर्मचारीगण | 27,745.00 | 24,955.00 |
| | **कुल वेतन** | **27,745.00** | **24,955.00** |
| | विकास कार्यो पर व्यय | | |
| | नगर विकास व अनुरक्षण | 2,960.00 | 4,285.00 |
| | स्वास्थ्य एवं चिकित्सा | 280.00 | 280.00 |
| | सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा | 1,580.00 | 2,130.00 |
| | सार्वजनिक निर्माण | 6,110.00 | 6,110.00 |
| | शिक्षा | 15.50 | 25.50 |
| | प्रशासनिक व्यय | 1,072.50 | 1,072.50 |
| | **कुल विकास कार्यो पर व्यय** | **12,018.00** | **13,903.00** |
| | **कुल नगर निगम निधि पर व्यय** | **39,763.00** | **38,858.00** |
| | पूँजीगत व्यय | | |
| | पूँजीगत व्यय | 6,666.00 | 7,560.00 |
| | लेनदारियॉं / उचन्त लेखागत व्यय | 401.32 | 401.32 |

ह0......महापौर

| | | | |
|---|---|---|---|
| | स्थाई सम्पत्ति | 926.00 | 1,171.00 |
| जे0एन0एन0यू0आर0एम0 व्यय | | | |
| | रिजर्व फण्ड के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर | 64,262.69 | 64,262.69 |
| | निकाय अंश का हस्तान्तरण | 12,413.23 | 12,413.23 |
| | कार्यदायी संस्थाओं को अग्रिम | 38,476.42 | 38,476.42 |
| **कुल पूँजीगत एवं जे0एन0एन0यू0आर0एम0 व्यय** | | **123,145.66** | **124,284.66** |
| **योग कुल व्यय** | | **162,908.66** | **163,142.66** |
| **अन्तिम अवशेष** | | **7,984.43** | **11,598.48** |
| **महायोग** | | **170,893.09** | **174,741.14** |

नगर आयुक्त द्वारा सभी सदस्यों को पुनरीक्षित बजट के मदवार आय–व्यय के विवरण तथा उसमें किये गये परिवर्तन एवं उसकी आवश्यकता का विस्तृत रूप से उल्लेख किया गया। उक्त बजट के सम्बन्ध में अवगत कराया कि नगर निगम ने अन्तिम अवशेष एवं अपनी आय के श्रोतों में बढ़ोत्तरी करते हुये व्यय में कटौती एवं विकास के मद में धनराशि में वृद्धि की गई है, जिससे नगर के सभी क्षेत्रों में यथा सम्भव विकास कार्य कराये जा सकें।

मो0 वसी ने कहा कि हम सभी पार्षदों को निर्वाचित हुये 06 महीने से ऊपर हो चुके है, परन्तु क्षेत्रों में कोई भी विकास कार्य नही कराये जा रहे है। कागजी मोहाल में नाली चोक है, सफाई के लिये कहने पर कोई सुनवाई नही की जा रही है और न ही दूरभाष पर अवगत कराई गई शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने महाप्रबन्धक, जलकल विभाग एवं मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी को मो0 वसी द्वारा बताई गई समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिये साथ ही सदस्यों को अवगत कराया कि नगर निगम अभियन्त्रण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करके कृत कार्यवाही की रिपोर्ट भेजी जा रही है। कार्य की गुणवत्ता एवं मानक के प्रति हम सभी सजग है तथा प्रस्तावित/चल रहे कार्यो के बोर्ड भी लगाये जा रहे है ताकि पारदर्शिता परिलक्षित हो सकें।

मो0 इरफान ने कहा कि मैं मलिन बस्ती से निर्वाचित हुआ हूॅ जहॉ पानी की गम्भीर समस्या है। अतः हैण्डपम्प अधिष्ठापन पर विचार किया जाये।

श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू' ने कहा कि पार्षदों के क्षेत्रों में वार्डवार कार्य कराये जाये।

**ह0.......महापौर**

नगर आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह में तालिका प्रेषित करते हुये सभी पार्षदों को अवगत करा दिया जायेगा कि किस पार्षद के क्षेत्र में कितनी धनराशि के कार्य कराये गये है तथा कितनी धनराशि के कार्य प्रस्तावित है।

सभापति ने कहा कि आपकी भावनाओं को संज्ञान में लिया गया है, जिसमें मुख्यतः सीवर, सफाई व पानी की समस्या समझ में आ रही है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भूमिगत घटते जल श्रोत के कारण नये हैण्डपम्प/सबमर्सिबल पम्प के अधिष्ठापन को सीमित कर दिया गया है। अतः जहाँ कहीं विशेष पानी की किल्लत है वहाँ हैण्डपम्प अधिष्ठापित कराये जायेंगे जबकि पॉश इलाकों में प्रायः यह देखने में आता है कि सबमर्सिबल पम्प घरों में लगे है और उसका पानी सड़कों पर बहाया जा रहा है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही है। ठेके पर सफाई के कार्य को प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने तथा दिये गये पत्रों, आदेशों/निर्देशों पर कार्यवाही कराना सुनिश्चित कराया जाये अन्यथा दोषी अधिकारी दण्डित किये जाये ताकि नगर निगम कार्य प्रणाली में गतिशीलता लाई जा सके। सभी सदस्यों से कहा कि पुनरीक्षित बजट पर अपना अभिमत व्यक्त करें।

............... **सर्वसम्मति से पुनरीक्षित बजट में आय के पक्ष में रू0 1,58,198.19 लाख के साथ प्रारम्भिक अवशेष रू0 16,542.95 लाख कुल रू0 1,74,741.14 लाख तथा व्यय पक्ष में रू0 1,63,142.66, अन्तिम अवशेष रू0 11,598.48 के साथ कुल रू0 1,74,741.14 लाख की दर्शाई गई धनराशि को स्वीकृत प्रदान करते हुये सदन को अग्रसारित किया गया।**

तत्पश्चात् सभापति द्वारा पुनरीक्षित बजट पर विचार हेतु आहूत विशेष बैठक समाप्त की गई।

ह0................

( जगत वीर सिंह द्रोण )

महापौर/सभापति

ह0.......महापौर